सांध्य दैनिक
आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
DGR Detective Group Report
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 11 अंक : 117 | इंदौर, मंगलवार 11 नवंबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए



**रामकृष्ण परमहंस की सीख**

**रोज थोड़ा समय खुद के लिए निकालें, सोचें कि आज आपने कौन सी गलती की, आत्मंथन से बुराइयां दूर होती हैं।**

## दिल्ली मे धमाके के बाद एमपी में अलर्ट

### रेलवे स्टेशन समेत प्रमुख जगहों पर जांच बढ़ाने के निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** दिल्ली में हुए कार धमाके के बाद मध्यप्रदेश पुलिस को हाई अलर्ट पर रखा गया है। डीजीपी कैलाश मकवाना ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए सभी जिलों के एसपी, आईजी, डीआईजी और पुलिस आयुक्तों को महत्वपूर्ण स्थानों की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में संवेदनशील स्थानों जैसे रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, धार्मिक स्थल, मॉल, बाजार और सरकारी प्रतिष्ठानों पर सुरक्षा जांच बढ़ाई जाए। बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉड को सक्रिय रखा जाए। वहीं, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दिल्ली में लाल किले के पास हुए कार विस्फोट में नागरिकों के हताहत होने पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि दिवंगतों के परिजनों के प्रति वे संवेदना प्रकट करते हैं और बाबा महाकाल से घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं।

डीजीपी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि रात में गश्त बढ़ाई जाए, संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की जांच की जाए, तथा किसी भी इनपुट या सूचना पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि राजधानी भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर सहित सभी बड़े शहरों में महत्वपूर्ण स्थानों की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करें। पुलिस कंट्रोल रूम और इंटेलिजेंस यूनिट को भी अलर्ट कर दिया गया है।

**सीएम यादव बोले-**

## सिंचाई विस्तार ही प्रदेश के समग्र विकास का आधार हरदा बनेगा पहला शत-प्रतिशत सिंचित जिला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश कृषि क्षेत्र में एक नया इतिहास रचने जा रहा है। राज्य का हरदा जिला जल्द ही प्रदेश का पहला शत-प्रतिशत सिंचित जिला बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि शहीद ईलाप सिंह माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना से हरदा जिले के लगभग 39,976 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की स्थायी सुविधा मिलेगी। 756.76 करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना का 42 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है, जिससे तवा सिंचाई परियोजना के अंतिम छोर तक रबी फसलों के लिए पानी उपलब्ध होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को मंत्रालय में हुई नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण की 268वीं बैठक, नर्मदा नियंत्रण मंडल की 85वीं बैठक और नर्मदा बेसिन प्रोजेक्ट्स कंपनी लिमिटेड की 33वीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के एक करोड़ हेक्टेयर कृषि रकबे को सिंचित बनाना सरकार का प्रमुख लक्ष्य है और इसके लिए राज्य सरकार योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रही है। बैठक में नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण और नर्मदा नियंत्रण मंडल की विभिन्न परियोजनाओं का अनुमोदन भी किया गया।



### परियोजनाओं में देरी स्वीकार नहीं की जाएगी

मुख्यमंत्री ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रदेश की सभी सिंचाई परियोजनाएं तय समय-सीमा में पूरी हों। किसी भी परियोजना में देरी या समयवृद्धि स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सिंहस्थ 2028 के मद्देनजर उज्जैन में शिप्रा नदी घाटों, जल संरक्षण संरचनाओं और अन्य निर्माण कार्यों को दिसंबर 2027 तक पूर्ण किया जाए।

### दो लाख हेक्टेयर रकबे में सिंचाई परियोजनाएं पूरी

जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने बताया कि तीन जनजातीय बहुल जिलों हरदा, बड़वानी और धार में बीते दो वर्षों में दो लाख हेक्टेयर रकबे में सिंचाई परियोजनाएं पूरी की गई हैं, जिससे करीब 600 गांवों के किसान लाभान्वित हुए हैं। इस पर सरकार ने 6,640 करोड़ रुपये का व्यय किया है। मुख्यमंत्री ने इस कार्य के लिए जल संसाधन विभाग की प्रशंसा करते हुए कहा कि ''जनजातीय अंचलों में सिंचाई सुविधाओं का विस्तार प्रदेश के समग्र विकास की नींव बनेगा। उन्होंने कहा कि पड़ोसी राज्यों के साथ संयुक्त नदी लिंक परियोजनाओं पर सक्रियता से कार्य किया जाए, ताकि प्रदेश के किसानों को अधिकतम सिंचाई के लिए जल का लाभ मिल सके। उज्जैन जिले के बड़नगर क्षेत्र को पार्वती, कालीसिंध और चंबल राष्ट्रीय नदी लिंक परियोजना में शामिल करने का भी सुझाव दिया गया।

### हर खेत तक पानी पहुंचाना सरकार का संकल्प है

बैठक में जल संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा ने बताया कि स्लीमनाबाद टनल एलाइनमेंट परियोजना लगभग पूर्णता के करीब है और शेष कार्य 31 जनवरी 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा। इसके अलावा, नर्मदा-झाबुआ-पेटलावद-थांदला-सरदारपुर और आईएसपी-कालीसिंध उद्वहन परियोजनाओं का 96 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्जैन में गौशालाओं, घाटों और धर्मशालाओं के निर्माण में धार्मिक संस्थाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाए और आवश्यकता पड़ने पर कंपनियों के सीएसआर फंड से सहयोग लिया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सिंचाई परियोजनाएं केवल कृषि उत्पादन ही नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई गति देंगी। हर खेत तक पानी पहुंचाना ही मध्यप्रदेश सरकार का संकल्प है।''

## फरीदाबाद में छापे से पैनिक में था आतंकी डॉ. उमर

### हड़बड़ी में बनाया दिल्ली ब्लास्ट का प्लान, जांच में हुए ये खुलासे

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली में लाल किला मेट्रो स्टेशन के बाहर हुआ धमाका आतंकी हमला था. इस हमले में अबतक 9 लोगों की मौत हो चुकी है और 20 लोग घायल हैं. जांच एजेंसियों के अनुसार कार में विस्फोटक लगाया गया था और धमाका किया गया. एजेंसियों के अनुसार ये आत्मघाती हमला था. अब तक की जांच में सामने आया है कि दिल्ली लाल किला ब्लास्ट के तार फरीदाबाद आतंकी मॉड्यूल से जुड़े हुए हैं. पुलिस घटनास्थल से बरामद कार में मिले शव का DNA टेस्ट करवाएगी. ताकि ये पुष्टि की जा सके कि कार में सवार शख्स डॉक्टर उमर मोहम्मद ही है या नहीं. खुफिया एजेंसियों को शक है I- 20 कार में डॉक्टर उमर मोहम्मद सवार था. इस शख्स की एक सीसीटीवी तस्वीर मिली है जिसमें वह काले रंग की मास्क पहना है. फरीदाबाद में भारी मात्रा में बरामद अमोनियम नाइट्रेट के मामले में जानकारी मिलने के बाद दिल्ली पुलिस समेत दूसरी एजेंसियां डॉक्टर उमर मोहम्मद की तलाश कर रही थी. फरीदाबाद मॉड्यूल का आतंकी डॉक्टर उमर मोहम्मद फरार चल रहा था. एजेंसियों को उसकी तलाश थी. आज तक/इंडिया टुडे ने सूत्रों के हवाले से इस बात का खुलासा किया था.

- सूत्रों के अनुसार धमाके के वक्त आतंकी उमर मोहम्मद कार में अकेला था. उसने अपने दो अन्य साथी आतंकियों के साथ हमले की योजना बनाई. सूत्रों के अनुसार जब फरीदाबाद टेरर मॉड्यूल में ताबड़तोड़ गिरफ्तारियां की जाने लगी तो उसे पकड़े जाने का डर सताने लगा और दहशत में आतंकी हमले की योजना बनाई. उसने अपने साथियों के साथ कार में डेटोनेटर लगाया और धमाके को अंजाम दिया. सोमवार दोपहर 1 बजे आज तक/इंडिया टुडे ने बताया था कि जम्मू-कश्मीर पुलिस और फरीदाबाद पुलिस एक डॉक्टर की तलाश में थी. ये शख्स उमर मोहम्मद ही है. उमर मोहम्मद कश्मीर का रहने वाला है.
- इस के अनुसार ये I-20 कार बदरपुर बॉर्डर पर आखिरी बार दिखाई दी, बदरपुर से दिल्ली प्रवेश करती हुई कार दिखाई दे रही है. इसके आगे का रूट पता लगाया जा रहा है. इसके बाद ये कार लाल किले में मेट्रो स्टेशन, गेट नंबर- 1 के पास दिखी.
- इससे पहले ये कार लाल किले के पास सुनहरी मस्जिद के पास की पार्किंग में 3 घंटे तक खड़ी रही. ये कार दोपहर 3 :19 बजे पार्किंग में दाखिल हुई और शाम 6 :48 बजे पार्किंग से बाहर निकली. इसके बाद लगभग 6 :55 बजे धमाका हो गया.
- दिल्ली पुलिस पुलिस ने उस सीसीटीवी फुटेज को हासिल कर लिया है जिसमें ये संदिग्ध कार पार्किंग में जाती और फिर बाहर निकलती दिख रही है. इससे पता चलता है कि संदिग्ध कार में अकेला था. अब जांच एजेंसियां दरियागंज रूट की जाने वाली गाड़ियों की जांच कर रही है. पुलिस 100 सीसीटीवी क्लिप्स की जांच कर रही है. इसके अलावा आस-पास के टोल प्लाजा के वीडियो फुटेज की भी जांच कर रही है. ताकि इस कार की पूरी मूवमेंट की जांच पता की जा सके.
- जिस I-20 कार से लाल किले के पास ब्लास्ट किया गया है उसका मालिक मोहम्मद सलमान नाम का शख्स था. उसने इसे नदीम को बेचा. नदीम ने इस कार को एक कार डीलर, रॉयल कार जोन फरीदाबाद को बेचा. इसके बाद इसे तारिक ने खरीदा. फिर इसे उमर ने खरीदा. यह कार हरियाणा के गुरुग्राम नॉर्थ आरटीओ में रजिस्टर्ड थी. इसका नंबर HR 26 7624 था, जो मोहम्मद सलमान नाम के व्यक्ति के नाम पर दर्ज है.
- तारिक को कल रात पुलिस ने पुलवामा के संबूरा से हिरासत में लिया है. लेकिन कार की RC तारिक के नाम नहीं है. सूत्र बताते हैं 2015 में तारिक ने कार को उमर को दे दिया था. तबतक कार तारिक के नाम से था. पुलिस ने इन दोनों को ही हिरासत में ले लिया है और पूछताछ कर रही है. इस डील में आमिर नाम के व्यक्ति का कनेक्शन सामने आया है. जम्मू-कश्मीर पुलिस तारिक और आमिर से पूछताछ कर रही है.
- इससे पहले दिल्ली पुलिस ने इस ब्लास्ट की जानकारी देते हुए कहा था कि जिस कार में विस्फोट हुआ उसमें तीन लोग सवार थे. उन्होंने यह भी कहा कि वे इस बात की भी जांच कर रहे हैं कि क्या यह आत्मघाती हमला था. लेकिन अब पुलिस कह रही है कि कार में उमर मोहम्मद अकेला था.
- एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, 'विस्फोट एक चलती हुंडई I-20 कार में हुआ, जिसमें तीन लोग बैठे थे. हमें घायलों के शरीर में कोई छर्रा या पंचर नहीं मिला है, जो विस्फोट में असामान्य है. हम सभी पहलुओं की जांच कर रहे हैं.' पुलिस अधिकारी ने बताया कि दिल्ली पुलिस ने देर शाम कार मालिक मोहम्मद सलमान को हिरासत में लिया और उससे गाड़ी के बारे में पूछताछ की.

## जिले के सभी कारखानों को 15 दिनों में कराना होगा फायर सेफ्टी ऑडिट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने जिले में संचालित सभी औद्योगिक इकाइयों के लिए फायर सेफ्टी अनुपालन को अनिवार्य करते हुए निर्देश जारी किए हैं। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि जिले के सभी कारखानों को आगामी 15 दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से फायर सेफ्टी ऑडिट कराना होगा और इसकी रिपोर्ट प्रशासन को उपलब्ध करानी होगी। जिन औद्योगिक इकाइयों को हाल ही में सुरक्षा मानकों के अभाव में सील किया गया है, उन्हें भी फायर सेफ्टी ऑडिट कराकर अपनी रिपोर्ट प्रशासन को देना आवश्यक होगा। इसी प्रकार जो इकाइयाँ वर्तमान में संचालित हैं, वे भी निर्धारित अवधि के भीतर अपनी फायर सेफ्टी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगी। प्रशासन को रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद संबंधित अधिकारी औद्योगिक प्रतिष्ठानों का स्थल निरीक्षण कर सुरक्षा मानकों की पुष्टि करेंगे। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी स्थिति में सुरक्षा मानकों से समझौता न किया जाए और फायर सेफ्टी अनुपालन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

### अतिक्रमणों को हटाने और यात्री वाहनों की जाँच के लिए अनेक दलों का गठन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने इंदौर में यातायात सुगम बनाने, सड़कों और फुटपाथ पर किए गए अतिक्रमणों को हटाने और यात्री सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए यात्री वाहनों की फिटनेस आदि की जाँच के लिए अनेक दलों का गठन किया है। इन दलों में एसडीएम, ट्रैफिक पुलिस, परिवहन विभाग, पुलिस, नगर निगम के अमले आदि को शामिल किया गया है। उक्त दलों के समन्वयकर्ता अधिकारी अपर कलेक्टर श्री रोशन राय रहेंगे। बताया गया कि उक्त दलों का गठन गत एक नवम्बर को सम्पन्न हुई बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन में किया गया है।

**सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुपालन में**

# आवारा श्वानों के विरुद्ध होगी प्रभावी कार्रवाई

**कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में समय-सीमा के प्रकरणों (टीएल) एवं अंतर-विभागीय समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की अध्यक्षता में आज समय-सीमा के अंतर्गत प्राप्त प्रकरणों के निराकरण ( टीएल ) तथा अंतर-विभागीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विकासात्मक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन, साथ ही सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत दर्ज शिकायतों के निराकरण की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।**

कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन के सभी प्रकरणों का निराकरण पूर्ण गंभीरता के साथ समयबद्ध रूप से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। समीक्षा के दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री एवं उपयंत्री द्वारा लापरवाही पाए जाने पर दोनों को शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

परिवार नियोजन की राशि के भुगतान में लापरवाही संबंधी प्रकरण की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने जांच के निर्देश देते हुए कहा कि यदि जांच में भुगतान लंबित पाया गया तो संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन, इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. परीक्षित झाड़े, अपर आयुक्त नगर निगम श्री रोहित सिसोनिया, अपर कलेक्टर श्री नवजीवन विजय पंवार, श्री रोशन राय, श्री रिंकेश वैश्य, श्रीमती निशा डामोर सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।




### ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार के लिए विशेष जांच अभियान के निर्देश

कलेक्टर श्री वर्मा ने यातायात व्यवस्था में सुधार और यात्रियों की सुरक्षा हेतु तत्काल विशेष जांच अभियान शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जांच दल शीघ्र गठित कर अभियान प्रारंभ किया जाए तथा वाहनों की फिटनेस नहीं मिलने और अन्य अनियमितता पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाए।

### स्वदेशी और प्राकृतिक कृषि उत्पादों को प्रोत्साहन*

कलेक्टर श्री वर्मा ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों से स्वदेशी उत्पादों एवं प्राकृतिक कृषि आधारित उत्पादों को बढ़ावा देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण हाट बाजार में स्थापित साप्ताहिक प्राकृतिक उत्पाद विक्रय केंद्रों का अधिकारीगण स्वयं अवलोकन करें और आवश्यकतानुसार सामग्री क्रय कर उत्पादकों को बढ़ावा दें।

### बीएलओ ड्यूटी पर लगे कर्मचारियों को तत्काल रिलीव करने के निर्देश

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिन कार्यालयों के अधिकारी-कर्मचारी बूथ लेवल अधिकारी (BLO) के रूप में नियुक्त हैं, उन्हें तत्काल रिलीव किया जाए, ताकि निर्वाचन कार्य प्रभावी ढंग से संपादित हो सके।

### सड़क मरम्मत कार्य एक सप्ताह में अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के निर्देश

बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने जिले में चल रहे सड़क मरम्मत कार्यों की भी समीक्षा की और निर्देश दिए कि सभी मरम्मत कार्य एक सप्ताह में हर स्थिति में पूर्ण कर लिए जाएं। उन्होंने कहा कि इंदौर की साफ-सफाई एवं सुगम यातायात व्यवस्था को बनाए रखना प्रत्येक विभाग का दायित्व है। उन्होंने कहा कि इंदौर नंबर वन है और नंबर वन ही रहना चाहिए।

### आवारा श्वानों पर सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश*

बैठक में आवारा श्वानों (स्ट्रीट डॉग्स) के संबंध में सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी दिशा-निर्देशों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में जानकारी दी गई कि दिशा-निर्देश प्राप्त हो गए हैं और उनके अनुसार समयबद्ध कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्देश दिए कि सार्वजनिक स्थानों जैसे स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, खेल परिसर, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन एवं मुख्य मार्गों पर आवारा श्वान दिखाई न दें, इसकी प्रभावी व्यवस्था की जाए। स्कूल प्रबंधन यह सुनिश्चित करें कि श्वान परिसर में प्रवेश न करें तथा सुरक्षा-व्यवस्थाएं मजबूत रखें। यदि किसी संस्था परिसर में श्वान के द्वारा काटने की घटना होती है, तो संबंधित संस्था प्रमुख उत्तरदायी होंगे। सभी कार्यालय प्रमुख अपने कार्यालय प्रांगण में श्वान प्रवेश रोकने के उपाय सुनिश्चित करें। आवारा पशुओं के विचरण पर भी सख्त नियंत्रण रखा जाए। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित निगरानी रखने को कहा।

**मदिरा के अवैध विक्रय पर कठोर कार्रवाई**

## हजारों रुपये मूल्य की अवैध मदिरा जब्त, 29 आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। जिले में मदिरा के अवैध रूप से क्रय-विक्रय, भण्डारण, परिवहन के विरुद्ध आबकारी अमले द्वारा अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी ने बताया कि जिला आबकारी विभाग द्वारा विभिन्न वृत्तों में अवैध मदिरा विक्रय एवं मदिरापान कराने वाले प्रतिष्ठानों पर संयुक्त रूप से सघन कार्यवाही की गई। टीम द्वारा वृत्त क्षेत्र भवानी नगर में अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में आरोपी अर्जुन पिता सजन सिंह पवार के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। आरोपी के कब्जे से चार पेटी देशी मदिरा (36 लीटर) जप्त की गई, जिसकी कुल बाजार कीमत लगभग 19 हजार रुपये है।

इसी तरह शनिवार एवं रविवार को की गई इस कार्रवाई में न्यू पंजाबी ढाबा, वीर द पंजाबी ढाबा,



गिल ढाबा, भवानी ढाबा, भुक्कड़ ढाबा, फूलमून ढाबा, हिबिस्कस ढाबा, लालटेन ढाबा एवं न्यू सिटिंग जोन ढाबा पर छापामार कार्यवाही की गई। इस दौरान अवैध रूप से मदिरापान कराते पाए जाने पर 20 व्यक्तियों के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर कुल 15.6 बल्क लीटर मदिरा जप्त की गई, जिसकी कुल अनुमानित कीमत 25 हजार 200 रुपये है।

शनिवार एवं रविवार को की गई इस कार्रवाई में वीर द पंजाबी ढाबा, गिल ढाबा, हिबिस्कस ढाबा एवं शिकारवाड़ी ढाबा पर भी छापामार कार्यवाही की गई। इस दौरान 8 व्यक्तियों के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किए गए तथा मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के अंतर्गत 4.95 बल्क लीटर मदिरा जप्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 5 हजार 500 रुपये है। आबकारी विभाग इंदौर द्वारा ऐसे प्रतिष्ठानों पर सतत निगरानी रखी जा रही है तथा आगामी दिनों में भी अवैध मदिरा विक्रय एवं सेवन के विरुद्ध इसी प्रकार की सख्त कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

# संभागायुक्त ने पार्षद अनवर कादरी को पार्षद पद से हटाया

● **पांच वर्ष के लिए किया अयोग्य घोषित**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने सोमवार को नगर निगम इंदौर के वार्ड क्रमांक 58 के पार्षद अनवर कादरी को पार्षद पद से हटाने का आदेश जारी कर दिया है। साथ ही उन्होंने धारा-23 के अंतर्गत पांच वर्ष के लिए अयोग्य भी घोषित किया है। संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने यह कार्रवाई मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 19(1)(अ) के तहत की गई। उल्लेखनीय है कि महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ने संभागायुक्त डॉ. खाड़े से वार्ड 58 के पार्षद अनवर कादरी को हटाये जाने की माँग की थी।

नगर निगम द्वारा आयोजित सम्मेलन में विशेष प्रस्ताव लाया गया था

आपराधिक गतिविधियों में शामिल पार्षद अनवर कादरी को पार्षद पद से हटाने के लिये महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ने नगर निगम द्वारा एक सम्मेलन आयोजित कर इस संबंध में विशेष प्रस्ताव लाया गया था। वार्ड क्रमांक 58 के पार्षद अनवर कादरी पर लव जिहाद को बढ़ावा देने के लिये एक सम्प्रदाय विशेष के युवकों को पैसा (फंडिंग) करना तथा युवकों को प्रेरित



करने का भी आरोप विभिन्न समाचार पत्रों में प्रमुखता से प्रकाशित हुआ था।

अनवर कादरी की इस शर्मनाक घटना से शहर में बड़ा बुरा प्रभाव पड़ा और इस घटना को लेकर नागरिकों में आक्रोश दिखा। नागरिकों द्वारा इस घटना को लेकर शहर में प्रदर्शन भी किया गया। जिसमें बताया गया कि अनवर कादरी के इस कृत्य ने शहर में सदभावना को ठेस पहुंचाई और साम्प्रदायिक वातावरण भी बिगड़ा। इस घटना लेकर शहर के नागरिकों द्वारा अनवर कादरी के विरुद्ध पुलिस थाने में एफआईआर भी दर्ज करायी गई। इससे पूर्व भी पार्षद अनवर कादरी पर जिले के विभिन्न थानों में आपराधिक एवं गंभीर धाराओं में 23 प्रकरण दर्ज हैं। इनके खिलाफ विभिन्न धाराएं जैसे- धारा-323, 506, 392, 324, 25 आर्म्स एक्ट, 302, 307, 452, 341, 427, 64, 64(2)(एम), धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम सहित कई अन्य आपराधिक धाराओं में गंभीर प्रकरण पंजीबद्ध हैं। उपरोक्त धाराओं के अलावा भी पार्षद अनवर कादरी पर अनेक धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध किये गये हैं।

प्रकरण में अनवर कादरी को सुनवाई के दौरान पक्ष समर्थन का पर्याप्त अवसर दिया गया। श्री कादरी पेशी दिनांक पर उपस्थित नहीं हुए। उनकी पत्नी द्वारा प्रस्तुत जवाब में ऐसा कोई दस्तावेजी साक्ष्य/प्रमाण प्रस्तुत नहीं किया गया, जिस पर विचार करते हुए महापौर द्वारा प्रस्तुत पत्र को निरस्त किये जाने पर विचार किया जा सके। इससे स्वतः प्रमाणित है कि पार्षद अनवर कादरी लगातार आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहा, जिसका नगर निगम इंदौर के प्रस्ताव में भी उल्लेख है। जिससे स्पष्ट होता है कि कादरी का पार्षद पर होना सार्वजनिक एवं निगम के हित में वांछनीय नहीं है।

**राजस्थान की रहने वाली युवती को सिगरेट से दागा**

# पीड़िता बोली- दोस्तों से भी दुष्कर्म कराया, ब्लैकमेल किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में एक युवती ने इरफान अली उर्फ हैप्पी पंजाबी नाम के युवक के खिलाफ रेप-ब्लैकमेल और मारपीट का केस दर्ज कराया है। राजस्थान की रहने वाली पीड़िता ने इसकी शिकायत पहले करणी सेना वालों से आपबीती थी। रविवार देर रात वह करणी सेना कार्यकर्ताओं के साथ बायपास के नजदीक पहुंची और युवक को पकड़वाया।**

पकड़े जाने के दौरान आरोपी विवाद करने लगा। उसे विजयनगर थाने ले जाया गया। इरफान पर युवती से रेप, अपने दोस्त से रेप कराने, मवेशी का मीट खिलाने और धर्म परिवर्तन को मजबूर करने, ब्लैकमेल और क्लब और पार्टियों में ड्रग सप्लाई करने के आरोप हैं।



पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। आरोपी इरफान अली को देवास से जिलाबदर भी किया जा चुका है। यहां उसके खिलाफ 16 आपराधिक केस दर्ज हैं। पीड़िता ने बताया कि साल 2023 में वह जॉब तलाश रही थी। इसी दौरान इरफान उसके संपर्क में आया। उसने फर्जी नाम से दोस्ती की। वह 21 मॉल के पीछे मिला था। एक दिन उसने होटल में मिलने बुलाया और सिगरेट पीने को दी।इसके बाद युवती की तबीयत बिगड़ गई। आरोपी ने हॉलिडे होटल ले जाकर रेप किया। यहां अश्लील फोटो-वीडियो भी बनाए। इसके बाद वह वायरल करने की धमकी देकर उसे ब्लैकमेल करने लगा। पीड़िता ने बताया कि हैप्पी ने ब्लैकमेल करके दोस्त जावेद, मोमिन से भी उसका रेप कराया। मोमिन ने अपनी बहन के यहां उसे रखा था। इस जगह उसके कई दोस्त आते थे। उसने ड्रग तस्कर बॉब से मिलवाया और ड्रग तस्करी के लिए भी दबाव बनाया। पीड़िता ने बताया कि इरफान उसे अपने घर देवास लेकर गया। वहां मवेशी का मीट खाने को भी मजबूर किया। कई बार उसे यहां सिगरेट से दागा और रेप कर किया। आरोपी ने धर्म परिवर्तन को लेकर भी दबाव बनाया। पीड़िता की शिकायत पर विजयनगर पुलिस ने इरफान अली के खिलाफ रेप, धर्म परिवर्तन कराने सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। अब पुलिस पूछताछ कर उससे जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटा रही है।

## महिला ने लगाई फांसी, बचाई गई जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** बच्चों की फीस भरने के लिए 5 हजार रुपए उधार लेने पर विवाद के बाद एक महिला ने आत्महत्या का प्रयास किया। समय रहते परिवार के लोगों ने महिला को फंदे से उतारकर अस्पताल पहुंचाया। छत्रीपुरा पुलिस के अनुसार, सोनाली (30) पति गोलू धाकड़ को उसके पिता ताराचंद रविवार शाम एमवाय अस्पताल लेकर आए। पुलिस जांच में पता चला कि सोनाली ने अपनी मां की बुआ से दो महीने पहले बच्चों की फीस भरने के लिए 5 हजार रुपए उधार लिए थे। रुपए लौटाने में देरी होने पर बुआ रविवार को घर आ गई और विवाद करने लगीं। इससे परेशान होकर सोनाली ने घर में फांसी लगा ली। परिवार के लोगों ने समय रहते उसे नीचे उतारा और अस्पताल पहुंचाया। पुलिस के मुताबिक, सोनाली कुछ समय से अपने पति से अलग रह रही है और वर्तमान में अपने माता-पिता के साथ रहती है। डॉक्टरों ने बताया कि सोनाली की हालत अब खतरे से बाहर है। छत्रीपुरा पुलिस सोमवार को अस्पताल जाकर उसके बयान दर्ज करेगी।

**ट्रक ने मारी टक्कर**

# महिला की मौत, बेटा और पोती घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। तेजाजी नगर में सोमवार दोपहर एक सड़क हादसा हो गया। हादसे में एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। वहीं उसका बेटा और नाबालिग पोती घायल हो गए। हादसे के बाद ट्रक ड्रायवर फरार हो गया। पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी है।**

तेजाजी नगर टीआई देवेन्द्र मरकाम ने बताया कि घटना सोमवार दोपहर मेरोद के पास की है। यहां पर एक ट्रक ने बाइक पर जा रहे एक ही परिवार के तीन लोगों को टक्कर मार दी। हादसे में कलाबाई (60) पति नारायण भीलवाड़ा की मौत हो गई। जबकि उसका बेटा नेमीचंद (38) पोती टीना (12) घायल हो गए। सभी बागरी हाट पिपल्या देवास से हरसोला के लिए निकले थे। वह अपने रिश्तेदार के यहां जा रहे थे। पुलिस के मुताबिक बाइक से गिरने के बाद ट्रक का पहिया महिला के उपर से गुजर गया था। बेटा और पोती एक तरफ गिरे थे। परिवार के लोगों ने बताया कि नेमीचंद का बेटा सचिन अपने रिश्तेदार रवि के साथ पीछे दूसरी बाइक पर आ रहा था। जब मौके पर उसने भीड़ लगी देखी तो पाया कि सड़क पर उसकी दादी पड़ी है। वही पिता और चचेरी बहन को एम्बुलेंस से अस्पताल भेजा गया है। बाद में पुलिसकर्मियों ने शव को एमवाय भिजवाया। कलाबाई का परिवार किसानी और मजदूरी से जुड़ा है। सभी गमी के कार्यक्रम में जाने के लिए निकले थे।

## राजा रघुवंशी की हत्या को लेकर कोर्ट में सुनवाई शुरू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर के कारोबारी राजा रघुवंशी की हत्या को लेकर कोर्ट में सुनवाई शुरू हो गई है। पुलिस ने कोर्ट में इस चर्चित मर्डर केस में चार्जशीट दाखिल कर दी है, लेकिन एक पेंच यह भी फंसा है कि सबसे पहले राजा और सोनम के लापता होने की रिपोर्ट पुलिस थाने में दर्ज है। यह रिपोर्ट राजा के भाई विपिन रघुवंशी ने दर्ज कराई थी। बाद में हत्या का केस दर्ज हुआ था। पुलिस ने इस केस को लेकर विपिन को वाट्सअप पर नोटिस भेजकर थाने आने के लिए कहा है। विपिन सोमवार को शिलांग चले गए। वे अपने वकील के जरिए इस केस की चार्जशीट भी कोर्ट से मांगेंगे। विपिन ने बताया कि वह जानना चाहते है कि सोनम ने आखिर राजा को क्यों मारा। वह राज से प्यार करती है तो फिर शादी के लिए ही इनकार कर देती, या फिर शादी के बाद घर छोड़ देती। बेकसूर राजा की हत्या की क्या जरुरत थी। विपिन को यह भी आंशका है कि सोनम व अन्य आरोपियों की मदद सोनम का भाई गोविंद कर रहा है और उनसे केस को लेकर शिलांग के वकीलों से भी चर्चा की है। विपिन शिलांग यात्रा के दौरान इसका भी पता लगाएगा। विपिन ने कहा था कि जब गोविंद हमारे घर आया था तो उनसे कहा था कि वह उनके साथ है और आरोपियों को सजा दिलाने में पूरी मदद करेगा।

## कर्ज से परेशान किसान ने खाया जहर, मौत



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** चंदन नगर में रहने वाले एक बुजुर्ग की सोमवार सुबह एमवाय अस्पताल में मौत हो गई। दरअसल, कर्ज से परेशान होकर बुजुर्ग ने जहर खा लिया था। चंदन नगर पुलिस के अनुसार, मृतक का नाम मंशाराम (60) पुत्र बालमुकुंद सिलोदरे, निवासी राजनगर है। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम किया है। मंशाराम के बेटे धर्मेंद्र सिलोदरे ने बताया कि शुक्रवार रात पिता की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वे मंगलवार को घर से निकले थे, जिसके बाद परिवारजन उनकी तलाश कर रहे थे। शुक्रवार रात वे घर लौटे, तब उनकी हालत खराब थी। डॉक्टरों ने जांच में बताया कि उन्होंने जहर खाया था। धर्मेंद्र ने बताया कि पिता पर करीब ढाई लाख रुपए का कर्ज था। कर्जदार उनसे पैसे लेने घर नहीं आते थे, लेकिन फोन कर लगातार दबाव बनाते थे। जब उनसे कर्जदारों के नाम पूछे, तो उन्होंने कहा कि "कर्ज मेरा है, मैं चुका दूंगा," लेकिन किसी का नाम नहीं बताया। इसी को लेकर कई बार घर में पत्नी और बेटे से कहासुनी भी हुई थी। परिवार के अनुसार, मंशाराम पिछले कुछ दिनों से ज्यादा तनाव में रहने लगे थे। वे सिलाई का काम करते थे और उनका बेटा भी यही काम करता है। परिवार में पत्नी, बहू और दो पोते साथ रहते हैं।

# वाहनों से जब्त साइलेंसर, हूटरों पर ट्रैफिक पुलिस ने चलाए बुलड़ोजर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। विजय नगर की सड़क पर सोमवार को आधा किलोमीटर लंबाई में साइलेंसर और हूटर बिछाए गए थे। बुलड़ोजर तैयार था, उन्हें रौंदने के लिए। अफसरों का इशारा हुआ और देखते ही देखने बुलड़ोजर ने उन साइलेंसरो व हूटरों को चकनाचूर कर दिया, जो कभी दंबगों और बिगड़े नवाबजादों की बाइकों की शोभा बढ़ाते थे और अन्य वाहन चालकों के तनाव की वजह बनते थे।**

डेढ़ साल में तीसरी पर इस तरह का एक्शन ट्रैफिक पुलिस ने लिया है। दो माह से शहरभर में मुहिम चलाकर ट्रैफिक जवानों ने इन साइलेंसरों व हूटरों को बाइक व चार पहिया वाहनों से निकलवाया था। शहर की सड़कों पर कई बार गोली जैसी आवाज निकालते हुए बाइक सवार चलते थे। उन्होंने मोडिफाई साइलेंसर लगा रखे थे। इससे सड़क पर चलने वाले दूसरे वाहन चालक घबरा जाते थे। पुलिस ने चैकिंग के दौरान इन वाहनो को रोका और साइलेंसर निकलवा कर एकत्र किए थे। इस बार सायरनो बजाने वाले हूटर भी रौंदे गए। शहर में इस साइलेंसरों कीमत डेढ़ से दो हजार तक है। वाहन चालक रौब झाड़ने के लिए अपनी बुलेट में उसे लगवाते है। ट्रैफिक पुलिस ने पहले हिदायत दी थी कि वाहन चालक वाहनों से उन्हें निकलवा ले। यदि चैकिंग में वाहन पकड़ाए तो साइसेंसर जब्त भी होंगे और चालान भी बनेगा। दो माह चले अभियान में डेढ़ हजार से ज्यादा साइसलेंसर और हूटर जब्त हुए थे। उन्हें सोमवार को दो-दो की कतार में रखा गया और उसे बुलड़ोजर चलाकर नष्ट किया गया। इसे देखने के लिए कई लोग मौके पर जुटे थे। कई युवक रील भी बनाते नजर आए।



## ठेकेदारों की प्रताड़ना से परेशान बुजुर्ग ने फांसी लगाई

**इंदौर।** लसूडिया इलाके में मकान निर्माण से जुड़ी प्रताड़ना के चलते एक बुजुर्ग ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस जांच में सामने आया कि दो ठेकेदार उसे लंबे समय से परेशान कर रहे थे। लसूडिया पुलिस ने दोनों ठेकेदारों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, मृतक दयाल (65) पुत्र चुन्नीलाल सोमलिया निवासी स्कीम नंबर 114 ने 16 अक्टूबर 2025 को अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। घटना स्थल से एक सुसाइड नोट मिला था, जिसमें दयाल ने लिखा था- "मैं दयाल कुमार सोमलिया, मुझे ठेकेदार प्रकाश यादव निवासी वीणा नगर और शिवा यादव निवासी कल्पना नगर पिछले एक माह से बहुत ज्यादा परेशान और प्रताड़ित कर रहे हैं। कृपया दोनों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाए।"सुसाइड नोट में दोनों के मोबाइल नंबर भी दर्ज थे। परिजनों के बयान में सामने आया कि प्रकाश यादव और शिवा यादव दयाल के मकान का निर्माण कार्य कर रहे थे, लेकिन काम में लगातार देरी और लापरवाही के कारण वे उन्हें बार-बार टालमटोल करते रहे। इससे मानसिक रूप से परेशान होकर दयाल ने आत्महत्या का कदम उठाया। पुलिस ने सुसाइड नोट को जब्त कर जांच की और आरोपियों प्रकाश यादव तथा शिवा यादव के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का प्रकरण दर्ज किया है। मामले की जांच जारी है।

## पुणे से आए पति-पत्नी की नर्मदा में डूबने से मौत



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बड़वाह, एजेंसी।** बड़वाह के समीप वन क्षेत्र में स्थित कोठावा आश्रम में शुक्रवार को नर्मदा नदी में एक महिला का शव मिला था। पुलिस लगातार शव की शिनाख्त के प्रयास कर रही थी। दो दिन बाद सोमवार को मृतका की पहचान 46 वर्षीय सुनंदा मैडम निवासी पुणे के रूप में हुई। उनके पति प्रवीण मैडम का शव रविवार को ओंकारेश्वर में मिला था। दंपति 6 नवंबर को पुणे से ओंकारेश्वर के लिए निकले थे। सुनंदा को नर्मदा परिक्रमा पर जाना था और प्रवीण उन्हें छोड़ने आए थे। वे 7 नवंबर को ओंकारेश्वर पहुंच गए थे, लेकिन उसके बाद से उनका फोन बंद आ रहा था। आशंका है कि गोमुख घाट पर अलसुबह अंधेरे में नहाने के दौरान यह हादसा हुआ होगा। प्रवीण के शव पर केवल अंतर्वस्त्र थे। ऐसा प्रतीत होता है कि दोनों एक साथ नहाते समय या एक-दूसरे को बचाने के प्रयास में हादसा हो गया।

## दिल्ली में गोली मारकर सुसाइड किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मुरैना (अंबाह), एजेंसी।** मुरैना के 35 वर्षीय युवक ने सोमवार सुबह दिल्ली के जंतर-मंतर पर खुद को गोली मारकर सुसाइड कर लिया। वह छह साल से बड़ी बहन को अनुकंपा नौकरी नहीं मिलने से परेशान था। बताया जा रहा है कि रविवार दोपहर तक वह अंबाह के अपने घर में था। शाम को दिल्ली के लिए रवाना हुआ। सुबह दिल्ली पुलिस ने उसके सुसाइड की सूचना दी। चाचा राजेंद्र सक्सेना के मुताबिक, सुबह दिल्ली पुलिस का फोन आया। उन्होंने लोकेंद्र सक्सेना की आत्महत्या की सूचना दी। चाचा के अनुसार, लोकेंद्र के पास कोई हथियार नहीं था, इसलिए यह पता नहीं चल पा रहा है कि उसके पास गन कहां से आई?

## पहाड़ों में बर्फबारी से मध्यप्रदेश ठिठुरा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेसी।** पहाड़ों में बर्फबारी से मध्यप्रदेश ठिठुर गया है। नवंबर में ही पारा रिकॉर्ड लुढ़क गया है। सोमवार को भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर समेत 20 जिलों में शीतलहर का अलर्ट रहा। रात को 10 शहरों में पारा 10 डिग्री से नीचे रहा। राजगढ़ प्रदेश में सबसे ठंडा रहा। यहां न्यूनतम तापमान 7.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, इंदौर और भोपाल में बीती तीन रातों से यह 9 डिग्री के नीचे चल रहा है।

# मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की राशि 1500 रुपये किये जाने की स्वीकृति

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक सोमवार को मंत्रालय में हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अन्तर्गत दी जाने वाली मासिक आर्थिक सहायता राशि 1250 रूपये में वृद्धि कर 1500 रूपये किये जाने की स्वीकृति दी गयी है।**



मार्च 2023 से 1000 रुपये मासिक आर्थिक सहायता राशि के साथ योजना प्रारंभ की गई थी। सितंबर 2023 से 1,250 रुपये मासिक आर्थिक सहायता राशि दी जा रही है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में 250 रुपये की वृद्धि कर नवंबर 2025 से 1500 रुपये मासिक आर्थिक सहायता राशि दिए जाने की स्वीकृति दी गयी है। योजना में 250 रुपये की वृद्धि किए जाने पर वित्तीय वर्ष 2025-26 में 1,793 करोड़ 75 लाख रुपये के अतिरिक्त बजट की आवश्यकता होगी। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 20,450 करोड़ 99 लाख रुपये संभावित व्यय होगा। मंत्रि-परिषद द्वारा ओंकारेश्वर में एकात्म धाम परियोजना अंतर्गत किये जाने वाले कार्यों के लिए सूचकांक में छूट प्रदाय किये जाने एवं आचार्य शंकर संग्रहालय 'अद्वैत लोक' के निर्माण के लिए पुनरीक्षित लागत 2424 करोड़ 369 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गयी है। संस्कृति विभाग द्वारा ओंकारेश्वर में एकात्म धाम परियोजना में आचार्य शंकर की 108 फीट की बहूधातु प्रतिमा स्थापित की जायेगी। इसके साथ ही आचार्य शंकर के जीवन और दर्शन पर आधारित शंकर संग्रहालय, (अद्वैत लोक) निर्माण, आचार्य शंकर अंतर्राष्ट्रीय वेदान्त संस्थान, अद्वैत निलयम आदि निर्माण कार्य किये जायेंगे। ये सभी निर्माण कार्य एमपीटीसी द्वारा किए जायेंगे। इसके लिए जून 2025 में 2195 करोड़ 54 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई थी। मंत्रि-परिषद ने पुनरीक्षित लागत 2424 करोड़ 369 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की। मंत्रि-परिषद द्वारा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में जिले के सभी शासकीय भवनों पर रेस्को पद्धति से सोलर रूफटॉप संयंत्र स्थापना की स्वीकृति प्रदान की गयी। भारत सरकार के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत सभी शासकीय भवनों को सौर ऊर्जीकृत किये जाने के उद्देश्य से प्रदेश में राज्य शासन के भवनों की छतों पर रेस्को पद्धति अंतर्गत सोलर रूफटॉप संयंत्र लगाए जाएंगे। शासकीय विभागों को इन सौर परियोजनाओं में कोई निवेश नहीं करना होगा।

# प्रमोशन पाने के चक्कर में लेडी अफसर ने चलाया चक्कर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सिंगरौली, एजेंसी।** सिंगरौली जिले में नगर निगम की एक महिला अधिकारी ने प्रमोशन पाने के लिए ऐसा कदम उठाया कि अब वह पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गई है। दरअसल नगर निगम में पदस्थ सब इंजीनियर शिवानी गर्ग के खिलाफ फर्जी दस्तावेज तैयार कर पदोन्नति का लाभ लेने के आरोप में धोखाधड़ी और जालसाजी का मामला दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई नगर निगम आयुक्त सविता प्रधान की शिकायत पर की गई है। जानकारी के अनुसार नगर निगम सिंगरौली में कार्यरत सब इंजीनियर शिवानी गर्ग ने 21 अगस्त को एक पदोन्नति आदेश नगर निगम आयुक्त के समक्ष प्रस्तुत किया था। इस आदेश में दावा किया गया था कि उन्हें मुख्यमंत्री कार्यालय, भोपाल से सहायक यंत्री के पद पर पदोन्नति दी गई है। उन्होंने यह आदेश निगम में जमा कर कार्यभार ग्रहण करने की अनुमति भी मांगी थी। आयुक्त सविता प्रधान को आदेश की सत्यता पर संदेह हुआ, जिसके बाद उन्होंने 12 सितंबर को नगरीय प्रशासन विभाग और मुख्यमंत्री कार्यालय भोपाल से इसकी पुष्टि करवाई। जांच में यह आदेश पूरी तरह फर्जी पाया गया। इसके बाद आयुक्त ने मामले की शिकायत कोतवाली थाना में दर्ज कराई। नगर पुलिस अधीक्षक पुन्नु परस्ते ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पुष्टि हुई कि शिवानी गर्ग ने फर्जी और कूटरचित दस्तावेज तैयार कर नगर निगम में पदोन्नति का दावा किया था। शिकायत के आधार पर उनके खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। फिलहाल पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि इस फर्जी आदेश की तैयारी में कौन-कौन महिला अधिकारी के साथ था। वहीं नगर निगम प्रशासन ने भी मामले में विभागीय जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## 4036 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** भावांतर योजना 2025 अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए आज भी 10 नवंबर को 4036 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया है कि यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है। इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी। मॉडल रेट में लगातार 2 दिनों से वृद्धि जारी रही। पहला मॉडल रेट 7 नवंबर को 4020 रुपए प्रति क्विंटल जारी हुआ था। इसी तरह 8 नवंबर को 4033 रुपए और 9 नवंबर को 4036 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी हुआ।

## स्टेच्यू ऑफ यूनिटी केवड़िया में मनाया जाएगा मध्यप्रदेश दिवस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेसी।** भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर स्टेच्यू ऑफ यूनिटी केवड़िया गुजरात में 1 नवंबर से 15 नवंबर तक 'भारत पर्व' का उत्साहपूर्वक आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के विशिष्ट आतिथ्य भारत पर्व 2025 के अंतर्गत मंगलवार, 11 नवंबर को गुजरात के केवड़िया में मध्यप्रदेश दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य ''एक भारत श्रेष्ठ भारत'' के ध्येय को दृष्टिगत रखते हुए देश की विविधता में एकता को प्रदर्शित करना है। संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने बताया कि भारत पर्व के अंतर्गत मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा लगभग 25 वर्गमीटर क्षेत्रफल में एक आकर्षक थीम पेवेलियन तैयार किया गया है, जिसमें राज्य की पर्यटन, संस्कृति और हस्तशिल्प विरासत को प्रभावशाली ढंग से प्रदर्शित किया जा रहा है। पेवेलियन में सांची, खजुराहो, भीमबेटका, मांडू, ओरछा, उज्जैन और ओंकारेश्वर जैसे ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों के साथ-साथ बांधवगढ़, कान्हा और पेंच जैसे प्रसिद्ध राष्ट्रीय उद्यानों की झलक प्रस्तुत की जा रही है।

# प्राइवेट पार्ट और चेहरे पर चोट के निशान...

## 'डायमंड गर्ल' हो गई लव जिहाद का शिकार?

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेसी।** 27 साल की एक मॉडल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। नाम खुशबू अहिरवार बताया जा रहा है। कथित रूप से यह लव जिहाद का मामला बताया जा रहा है। परिजनों का आरोप है कि मुस्लिम बॉयफ्रेंड कासिम उसे अस्पताल में छोड़कर भाग गया। अस्पताल इंदौर रोड स्थित muसाखेड़ी.... में है।

वहीं, सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लिया है। आरोपी कासिम उज्जैन का रहने वाला बताया जा रहा है। परजिनों का आरोप है कि खुशबू अहिरवार के प्राइवेट पार्ट, कंधे और चेहरे पर चोट के निशान मिले हैं। वहीं, खुशबू विदिशा की रहने वाली थी। पुलिस ने कासिम की तलाश शुरू कर दी है। उसका पीएम गांधी मेडिकल कॉलेज में हो रहा है। दरअसल, खुशबू अहिरवार सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव थी। वह डायमंड गर्ल के नाम से अपना अकाउंट चलाती थी। अभी 12 हजार फॉलोअर्स हैं। बताया जा रहा है कि खुशबू लिव इन रिलेशन में कासिम के साथ रहती थी। उसे खुशी वर्मा के नाम से भी जाना



जाता है। पुलिस के अनुसार, खुशबू ने बीए फर्स्ट ईयर के बाद अपनी पढ़ाई छोड़ दी थी और पिछले तीन सालों से भोपाल में रह रही थी। उसने यहां कई लोकल ब्रांड्स के लिए मॉडलिंग की थी। वह हमेशा अपनी मां से आगे बढ़ने की बात करती थी और पार्ट-टाइम जॉब करके अपना खर्च चलाती थी। खुशबू की मां लक्ष्मी अहिरवार ने बताया कि तीन दिन पहले कासिम ने उन्हें फोन किया था। उसने कहा था कि मैं मुसलमान हूं... लेकिन आपकी बेटी मेरे साथ है। आप फिक्र मत करो। मैं उसे साथ लेकर उज्जैन जा रहा हूं। बेटी ने भी फोन पर बात करते हुए कहा था कि आप फिक्र मत करो, कासिम अच्छा लड़का है, मैं उसके साथ हूं। आप परेशान मत होना। बाद में उन्हें पता चला कि उनकी बेटी कासिम के साथ रिलेशनशिप में थी। मां का आरोप है कि कासिम ही उनकी बेटी का कातिल है। बताया जा रहा है कि खुशबू और कासिम उज्जैन से भोपाल आ रहे थे। रास्ते में खुशबू की तबीयत बिगड़ी तो कासिम उसे अस्पताल ले गया। बेटी को बेसुध देखकर वह भाग गया। मां ने इंसाफ की गुहार लगाई है और कहा है कि बेटी की हत्या करने वाले को सख्त सजा मिलनी चाहिए। लक्ष्मी अहिरवार ने बताया कि खुशबू की बॉडी पर चोटों के निशान थे, जगह-जगह नीले निशान थे, चेहरे पर सूजन थी, और यहां तक कि प्राइवेट पार्ट पर भी चोट के निशान थे।

## संपादकीय

# 'त्रिशूल' अभ्यास लड़ने की क्षमता को करना था और बेहतर....

भारतीय सशस्त्र सेना का संयुक्त अभ्यास 'त्रिशूल' संपन्न हो गया है। इसे ट्राई-सर्विस एक्सरसाइज (TSE-2025) 'त्रिशूल' का नाम दिया गया था। इस एक्सरसाइज को भारतीय नौसेना Navy ने भारतीय सेना और भारतीय वायु सेना के साथ मिलकर अंजाम दिया। इनके अलावा अन्य पैरामिलिट्री फोर्स और केंद्रीय एजेंसियों ने भी इस अभ्यास को सफल बनाने में अपनी ओर से हर संभव योगदान दिया। 'त्रिशूल' अभ्यास के दौरान एक चुनौतपूर्ण ड्रिल को 3 से 7 नवंबर के बीच अंजाम दिया गया। इस दौरान राजस्थान और गुजरात से लेकर उत्तरी अरब सागर तक में तीनों सेनाओं ने बहुत ही शानदार अभ्यास किया। इस अभ्यास ने भारत के संयुक्त युद्ध रणनीति को अंजाम देने की क्षमता का परिचय दिया है। इस अभ्यास की अगुवाई वेस्टर्न नेवल कमांड ने भारतीय सेना की दक्षिणी कमान और वायु सेना के दक्षिण-पश्चिम कमान के साथ साझेदारी में संपन्न किया। इस बड़े सैन्य अभ्यास में 30,000 से अधिक जवान शामिल हुए। मिलिट्री ने इस दौरान कई अहम सैन्य साजो-सामान का उपयोग किया। वहीं इसमें 20 से 25 समुद्री जहाज और पनडुब्बियां भी शामिल हुईं, जिनमें विशेष रूप से एंफीबियस जहाज भी थे। इनके अलावा, 40 से अधिक विमान और धरातल पर इस्तेमाल होने वाले कई सिस्टम भी तैनात किए गए थे। 'त्रिशूल' अभ्यास का मुख्य उद्देश्य तीनों सेनाओं के मिलकर लड़ने की क्षमता को और बेहतर करना था। इस अभ्यास से भारतीय सशस्त्र सेना की इस ताकत को और भी अच्छे से परखा जा सका। यही नहीं, तीनों सेनाओं के अलावा इसमें भारतीय तटरक्षक दल, सीमा सुरक्षा बल और अन्य केंद्रीय एजेंसियों ने भी हिस्सा लिया। बता दें कि इस अभ्यास को लेकर पाकिस्तानी सेना में इस कदर डर भरा हुआ था कि उसने अपने हवाई क्षेत्र को पूरी तरह से बंद कर दिया था। इसी के तहत भारतीय सेना ने रेगिस्तान में भी बड़े पैमाने पर अभ्यास किया। इसमें थार रैप्टर ब्रिगेड के हेलीकॉप्टर और सुदर्शन चक्र और कोणार्क कोर के टैंकों ने मिलकर अभ्यास को अंजाम दिया। इस अभ्यास में हेलीकॉप्टरों ने कई तरह की भूमिकाएं निभाईं। उन्होंने जासूसी ,सैनिकों को तेजी से एक जगह से दूसरी जगह पहुंचाने; और जमीनी सैनिकों को हवाई मदद पहुंचाकर दिखाया। यह दक्षिणी कमान के रेगिस्तानी युद्धाभ्यास 'मरुज्वाला' और 'अखंड प्रहार' का भी हिस्सा था।

## Health is Wealth

# क्या फेफड़ों की सफाई करता है गुनगुने पानी के साथ गुड़ खाना?

### पल्मोनोलॉजिस्ट ने बताए फैक्ट्स

दिल्ली में प्रदूषण का कहर बरपा हुआ है और लोगों को सांस संबंधी शिकायतें हो रही हैं। बिना मास्क लगाए बाहर जाना खतरे से खाली नहीं है। लोगों के फेफड़ों में इंफेक्शन हो रहा है और इसके लिए कुछ लोग घरेलू उपायों पर भी भरोसा कर रहे हैं। फेफड़ों को साफ और स्वस्थ रखने के लिए कुछ लोग हल्दी या गुड़ वाला पानी पी रहे हैं। लेकिन क्या वाकई गुड़ वाला पानी पीने से आपके लंग्स बिल्कुल साफ हो जाएंगे और प्रदूषण से बचाव हो सकता है। एचटी लाइफस्टाइल से बातचीत में गुरुग्राम के पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ. पीयूष गोयल ने बताया इसके बारे में बताया।



### पोषण से युक्त गुड़

गुड़ सेहत के लिए फायदेमंद माना जाता है और सर्दी में इसे खाने से शरीर गर्म रहता है। इसकी तासीर गर्म मानी जाती है। इसमें आयरन, मैग्नीशियम, पोटेशियम, कैल्शियम, फास्फोरस और जिंक जैसे खनिज और विटामिन ए, बी-कॉम्प्लेक्स और सी जैसे विटामिन्स होते हैं, जो शरीर, इम्यूनिटी और फेफड़ों के लिए फायदेमंद होते हैं।

### लंग्स के लिए

अगर आप पूरी तरह से फेफड़ों की सफाई के लिए गुड़ वाले पानी पर निर्भर हो चुके हैं, तो ये गलत है। जी हां, डॉक्टर पीयूष का कहना है कि गुड़ फेफड़ों के लिए अच्छा है और किसी भी तरह के लंग्स इंफेक्शन से बचा सकता है। लेकिन ये प्रदूषण के दौरान क्लीनिंग करने में बिल्कुल भी मदद नहीं करता। सांस संबंधी या फेफड़ों में कोई दिक्कत लगे, तो आपको फौरन डॉक्टर के पास जाना चाहिए।

### फायदे

1. गुड़ खाने से इम्यूनिटी बूस्ट होती है।
2. शरीर में आयरन की कमी पूरी होती है।
3. इसे खाने से हड्डियां मजबूत होती है।
4. गुड़ खाने से शरीर में विटामिन्स की कमी नहीं होती।
5. गुड़ खाने से वजन नहीं बढ़ता। ऐसे में इसे वेट लॉस डायट में शामिल कर सकते हैं।

### पानी कैसे पिएं

अगर आप गुड़ का पानी पीना चाहते हैं, तो 2 चम्मच गुड़ को गुनगुने पानी में मिक्स करें। सुबह खाली पेट इसे पिएं। इससे आपको स्वास्थ्य लाभ होंगे।

# न्यूट्रीशनिस्ट ने बताया सेब काटने का सही तरीका, 99% लोग करते हैं ये गलती तभी नहीं मिलता पूरा फायदा!

अंग्रेजी में एक कहावत है, जिसका सीधा मतलब है कि रोजाना 1 सेब खाएंगे तो डॉक्टर के पास जाने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। बात बिल्कुल सही है, क्योंकि इस छोटे से फल में भरपूर मात्रा में फाइबर, विटामिन सी, पोटैशियम और एंटीऑक्सीडेंट्स मौजूद होते हैं। ये हार्ट हेल्थ से ले कर पाचन, इम्यूनिटी, मेटाबॉलिज्म, ब्लड शुगर और ओवरऑल हेल्थ के लिए फायदेमंद होता है। अब ये तो रही सेब के फायदों की बात लेकिन पूरे फायदे तो तभी मिलेंगे, जब आप इसे ठीक से काटकर खाएंगे। ज्यादातर लोग सेब काटने का सही तरीका ही नहीं जानते हैं, जिस वजह से उसके आधे पोषक तत्व बेकार चले जाते हैं। न्यूट्रीशनिस्ट और वेट लॉस कोच मोहिता ने एक इंस्टा पोस्ट के जरिए सेब काटने का सही तरीका बताया है, आइए स्टेप बाय स्टेप जानते हैं।



### छिलके पर लगा वैक्स साफ कर लें

सेब के छिलकों पर अक्सर एक मोम जैसी लेयर लगी होती है। न्यूट्रीशनिस्ट कहती हैं कि ये लेयर सेब में प्राकृतिक रूप से बनती है। ये सेब का मॉइश्चर बनाए रखती है और किसी भी तरह के बैक्टीरिया को ब्लॉक करने का काम करती है। हालांकि कुछ फ्रूट सेलर इसपर फूड ग्रेड वैक्स का इस्तेमाल करते हैं, जो वैसे तो सेफ है लेकिन इसे हटाना अच्छा है। इसके लिए आप सेब को गर्म पानी में धो सकते हैं या फिर सिरके के पानी में कुछ देर भिगोकर रख सकते हैं।

### सेब का छिलका है पोषण से भरपूर

न्यूट्रीशनिस्ट कहती हैं कि सेब के पूरे फायदे चाहिए तो कभी भी इसका छिलका उतार कर ना खाएं। ये छिलका फाइबर से भरपूर होता है। साथ ही इसमें विटामिन सी, विटामिन ए और एंटीऑक्सीडेंट्स भी मौजूद होते हैं, जो इन्फ्लेमेशन को कम करने, इम्यूनिटी को बूस्ट करने, आंखों की रोशनी बढ़ाने और स्किन हेल्थ के लिए फायदेमंद होते हैं।

### ● गोल-गोल स्लाइसेज में काटकर खाएं सेब

ज्यादातर लोग सेब को लंबी-लंबी स्लाइसेज में काटकर खाते हैं, जिससे सेब का कोर वेस्ट हो जाता है। न्यूट्रीशनिस्ट मोहिता कहती हैं कि सेब को हमेशा गोल-गोल स्लाइसेज में काटकर खाएं। सेब के कोर में सॉल्यूबल फाइबर और पैक्टीन होता है, जो गुड गट बैक्टीरिया को फीड करता है। इससे कब्ज, कोलेस्ट्रॉल और ब्लड शुगर मैनजमेंट में मदद मिलती है।

### ● दोगुने हो जाएंगे सेब के फायदे

न्यूट्रीशनिस्ट कहती हैं कि अगर आप इस तरीके से सेब खाते हैं, तो आपको दोगुना फाइबर, दोगुने एंटीऑक्सीडेंट्स और 50 प्रतिशत ज्यादा विटामिन सी मिलता है। हालांकि ध्यान रहे सेब के बीज जरूर निकाल लें।

New Delhi

# मस्जिद के पास पार्किंग में तीन घंटे खड़ी रही थी कार, निकलने के चार मिनट बाद ही धमाका

**दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली को दहलाने वाले कार ब्लास्ट की जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। धमाके वाली जगह के आसपास के सीसीटीवी खंगालने पर नई जानकारी सामने आई है। दिल्ली पुलिस के अनुसार, जिस हुंडई i20 कार में धमका हुआ है, वो वारदात से पहले एक मस्जिद के पास पार्किंग में करीब तीन घंटे तक खड़ी रही थी। धमाके से पहले एक तस्वीर सामने आई है। तस्वीर में कार सुनहरी मस्जिद के पास सड़क पर जाती दिखी है।

दिल्ली पुलिस के अनुसार, कार ने 10 नवंबर की दोपहर 3:19 बजे पार्किंग में प्रवेश किया। शाम 6:48



बजे पार्किंग से निकली। इसके महज चार मिनट बाद ही 6:52 बजे सुभाष मार्ग लाल बत्ती पर कार में ब्लास्ट हुआ। धमाके की चपेट में आसपास खड़े कई और वाहन भी आ गए।

धमाका शाम करीब 6.52 बजे लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुआ। धमाके के बाद व्यस्त इलाके में शव क्षत-विक्षत पड़े मिले। कई वाहन भी जल गए। विचलित करने वाले दृश्यों में जमीन पर शव और शरीर के कटे हुए अंग दिखाई दे रहे थे।

विस्फोट के कुछ ही देर में बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मी मौके पर जमा हो गए। धमाके में दस लोगों की मौत हो गई। जबकि 24 लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

New Delhi

## पहाड़ों में कई जगहों पर पारा शून्य से नीचे, ठिठुरन बढ़ी; इन इलाकों में हो सकती है बारिश



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** पहाड़ों पर शुष्क मौसम के बीच तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। कई जगह पारा शून्य से नीचे पहुंच चुका है। श्रीनगर में रविवार रात इस सीजन में सबसे सर्द (पारा -0.1 डिग्री) रही। वहीं, हिमाचल प्रदेश के ताबो में पारा शून्य से पांच डिग्री नीचे दर्ज किया गया है। इस बीच, मौसम विभाग ने अगले दो दिनों में ठिठुरन बढ़ने का पूर्वानुमान जारी किया है।

मौसम विभाग के मुताबिक, 11-12 नवंबर को केरल, तमिलनाडु और लक्षद्वीप में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले दो-तीन दिनों में मध्य प्रदेश, हरियाणा, चंडीगढ़, यूपी, छत्तीसगढ़, झारखंड और ओडिशा आदि राज्यों में शीतलहर की स्थिति बनेगी। हालांकि, अगले पांच दिनों के दौरान पूर्वोत्तर और पूर्वी भारत में न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव होने के आसार नहीं हैं। हिमाचल प्रदेश में रविवार की रात इस सीजन में सबसे ठंडी रात रिकॉर्ड हुई। कांगडा, मंडी, सोलन और हमीरपुर समेत 19 स्थानों में न्यूनतम तापमान दस डिग्री से कम रिकॉर्ड हुआ। ताबो में माइनस पांच डिग्री तक रात का तापमान पहुंच गया है। कुकुमसेरी और कल्पा का पारा भी माइनस में चल रहा है। प्रदेश में 16 नवंबर तक मौसम साफ बना रहने का पूर्वानुमान है।

Bengaluru

## बेंगलुरु एयरपोर्ट में नमाज



**बेंगलुरु, (एजेंसी)** बेंगलुरु के इंटरनेशनल कैम्पेगौड़ा एयरपोर्ट पर कुछ लोगों के नमाज पढ़ने का एक वीडियो सामने आया है। इस पर कर्नाटक में भाजपा ने आपत्ति जताई है। कर्नाटक भाजपा के प्रवक्ता विजय प्रसाद ने X पर रविवार रात को वीडियो पोस्ट किया। उन्होंने पूछा है कि बेंगलुरु एयरपोर्ट के टर्मिनल 2 के अंदर इसकी अनुमति कैसे दी जा सकती है। क्या मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उनके कैबिनेट मंत्री प्रियांक खड़गे इससे सहमत हैं। प्रसाद ने कहा, 'क्या इन लोगों ने हाई सिक्योरिटी वाले एयरपोर्ट एरिया में नमाज पढ़ने के पहले परमिशन ली थी।'

Assam

## असम में 10 करोड़ रुपये मूल्य का मादक पदार्थ जब्त: मुख्यमंत्री

**गुवाहाटी, (एजेंसी)** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोमवार को कहा कि सुरक्षा बलों ने दो अलग-अलग अभियानों में 10 करोड़ रुपये मूल्य का मादक पदार्थ जब्त किया है।

इसमें से एक छापेमारी गुवाहाटी में पुलिस द्वारा की गई, जबकि दूसरा छापा कछार जिले में पुलिस और असम राइफल्स द्वारा संयुक्त रूप से मारा गया। शर्मा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''सप्ताहांत की योजना रद्द। गुवाहाटी पुलिस ने बेलटोला में चार करोड़ रुपये की 'हेरोइन हाउस पार्टी' का भंडाफोड़ किया।''

उन्होंने कहा, ''कछार पुलिस तथा असम राइफल्स के जवानों ने चांगकुरी में एक और पार्टी में अचानक छापा मारा जहां से छह करोड़



रुपये मूल्य की याबा गोलियां बरामद हुईं।'' याबा गोलियों में मेथैम्फेटामाइन होता है जो नियंत्रित पदार्थ अधिनियम के तहत अनुसूची दो में आता है और इसलिए यह भारत में अवैध है। हालांकि शर्मा ने दोनों छापों में की गई गिरफ्तारियों के बारे में नहीं बताया, लेकिन उनके द्वारा साझा की गई तस्वीरों से पता चलता है कि तीन संदिग्धों को गुवाहाटी और एक को कछार में पकड़ा गया।

खेल

## सम्राट राणा ने वर्ल्ड शूटिंग चैंपियनशिप में गोल्ड दिलाया

### भारत 9 मेडल के साथ नंबर-2 पर आया, मनु-ईशा 10 मीटर एयर पिस्टल में मेडल चूकीं

**काहिरा।** करनाल के युवा निशानेबाज सम्राट राणा ने वर्ल्ड शूटिंग चैंपियनशिप में भारत को गोल्ड मेडल दिलाया। इजिप्त के काहिरा में चल रही चैंपियनशिप के तीसरे दिन सोमवार को सम्राट ने पुरुषों के 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में 243.7 अंक के साथ पहला स्थान हासिल किया।

चीन के हू काई (243.7 अंक) को सिल्वर और एक अन्य भारतीय वरुण कुमार (243.7 अंक) को ब्रॉन्ज मेडल मिला है। वहीं, महिलाओं के 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में डबल ओलिंपिक मेडलिस्ट मनु भाकर और ईशा सिंह मेडल जीतने से चूक गईं।

भारत के 3 गोल्ड समेत 13 मेडल, नंबर-2 पर आया आज भारत को दो गोल्ड, एक सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल मिले हैं। इसके साथ भारत के मेडल टैली में 13 मेडल हो गए हैं। इनमें 3 गोल्ड, 3 सिल्वर और 3 ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं। फिलहाल, भारत मेडल टैली के दूसरे स्थान पर कायम है।

एक खराब निशाने से मनु




का मेडल छूटा मनु का फाइनल में प्रदर्शन अच्छा चल रहा था, लेकिन 14वें निशाने में 8.8 का खराब स्कोर करने के कारण वह शीर्ष स्थान से फिसलकर सातवें स्थान पर आ गईं। वे 139.5 अंक के साथ मेडल रेस से बाहर हो गईं। साथ ही ईशा दबाव में दिखीं। वे फाइनल में 10.7 के शानदार प्रदर्शन के बाद 14वें निशाने में 8.4 अंक ही बना पाईं और छठे स्थान पर रहीं। चीन की 20 वर्षीय याओ कियानक्सुन (243.0 अंक) ने गोल्ड, हांगकांग-चीन की हो चिंग शिंग (241.2) ने सिल्वर और वेई कियान (चीन, 221.4) ने ब्रॉन्ज मेडल जीता।

मनु, ईशा और सुरुचि ने टीम इवेंट में सिल्वर दिलाया पिस्टल के टीम स्पर्धा में रजत पदक जीतकर थोड़ी सांत्वना मिली जिसमें ईशा (583), मनु (580) और विश्व की नंबर एक खिलाड़ी सुरुचि इंदर सिंह (577) ने 1740 अंक हासिल करके दूसरा स्थान हासिल किया। ईशा-मनु दोनों ही क्वालीफिकेशन में दमदार प्रदर्शन के दम पर फाइनल में पहुंचीं। ईशा ने क्वालीफिकेशन चरण में 583 अंकों के साथ चौथा स्थान हासिल किया। उन्होंने इस दौरान तीसरी सीरीज में परफेक्ट-100 भी हासिल किया।

सिनेमा

## 'माफ करने लायक नहीं...', एशा के बाद हेमा ने धर्मेंद्र की सेहत के बारे में दी जानकारी, मीडिया पर फूटा गुस्सा



दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती हैं। धर्मेंद्र के स्वास्थ्य को लेकर लगातार कई खबरें आ रही हैं। ऐसे में उनकी बेटी एशा देओल ने पिता धर्मेंद्र की सेहत को लेकर ताजा जानकारी शेयर की है। वहीं अब धर्मेंद्र के निधन की अफवाहों पर हेमा गुस्सा हो गई हैं। हेमा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर मीडिया चैनल को जमकर फटकार लगाई है।

एशा ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपने पिता धर्मेंद्र की सेहत को लेकर जानकारी देते हुए लिखा, 'मीडिया बहुत ज्यादा एक्टिव हो गया है और झूठी खबरें फैला रहा है। मेरे पिता की हालत स्थिर है और वे ठीक हो रहे हैं। आप सभी से रिक्वेस्ट है कि हमारे परिवार को प्राइवेसी दें। पापा के जल्दी ठीक होने के लिए दुआओं के लिए धन्यवाद।'

हेमा ने एक्स पर धर्मेंद्र की सेहत को लेकर उड़ रहीं अफवाहों को लेकर मीडिया चैनल को फटकार लगाते हुए लिखा, 'जो हो रहा है वह माफ करने लायक नहीं है। जिम्मेदार चैनल एक ऐसे इंसान के बारे में झूठी खबरें कैसे फैला सकते हैं, जो इलाज का जवाब दे रहा है। वह ठीक हो रहे हैं। यह बहुत ही अपमानजनक और गैर-जिम्मेदार हरकत है। कृपया परिवार और उनकी प्राइवेसी की जरूरत का सम्मान करें।'




1. Woman doctor's role probed in Faridabad explosives recovery, arms found in her car
2. How dangerous is ammonium nitrate, seized from doctor part of pan-India terror module?
3. I swear on Quran I didn't seek alliance with BJP: Omar Abdullah
4. UP police bust drug racket, take 22 hours to count cash recovered
5. Asia Cup Gold medallist among 2 Navy kayakers killed in MP

# Adani Group plans to build India's largest battery storage system in Gujarat



**NEW DEIHI, (Agency).** Billionaire Gautam Adani plans to build a multi-billion dollar battery energy storage system in Gujarat to support his group's renewable energy ambitions, according to people familiar with the matter.

The proposed installation, planned for completion by March 2026, would be India's top battery storage facility and among the largest single-location systems globally, the people said, asking not to be identified discussing business plans.

The project is being developed at Khavda in Gujarat, where the Adani Group is building a vast renewable energy complex. The group aims to scale its storage capacity to 50 GWh within five years, the people said.

Battery energy storage is becoming increasingly vital to modern energy systems, as grids grapple with balancing large influxes of intermittent solar and wind power generation. India's total power capacity is expected to reach about 800 MW this year, according to data from BloombergNEF. The country will need to accelerate battery installations to meet its goal of doubling clean power capacity to 500 gigawatts by the end of the decade. A representative of the Adani Group didn't immediately respond to requests for comment. The group is also in discussions with several international firms for technological support, the people said.

Bloomberg News reported in August that Adani is exploring a tie-up with Chinese EV giant BYD Co. for battery manufacturing.

# What explains the crash in Bajaj Finance share price today, despite healthy Q2 results

**NEW DEIHI, (Agency).** Shares of Bajaj Finance Ltd. crashed a day after India's largest non-banking financial company declared its second-quarter results.

On Tuesday (11 November 2025), Bajaj Finance's share price fell as much as 7.4% to ₹1,005.05 even as the benchmark S&P BSE Sensex declined 0.29% to 83,296.53 points. That was despite financials showing a healthy growth for July-September.



Bajaj Finance Q2 Results (Consolidated, YoY)

NII up 22% at ₹10,785 crore

New loans up 26% at 1.217 crore

AUMs up 24% at ₹4,62,261 crore

Net profit up 21.9% at ₹4,875 crore

During the quarter, Bajaj Finance's asset quality worsened—while the Net NPA ratio grew 10 basis points sequentially to 0.60%, the Gross NPA ratio widened 21 bps QoQ to 1.24%. The capital adequacy ratio stood at 21.33% in Q2 FY26 versus 21.96% in Q1 FY26.

This is a developing story. More to come.




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक